‘साल एक : फैसले अनेक’ पुस्तिका का विमोचन

चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2023 को राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के कार्यकाल के सफल एक साल पूर्ण होने पर आरटीडीसी की उपलब्धियों, नीतिगत निर्णयों पर ‘साल एक : फैसले अनेक’पुस्तिका का विमोचन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान के पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने होटल गणगौर में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तिका का विमोचन किया।
- पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि आरटीडीसी प्रबंधन द्वारा शाही ट्रेन ‘पैलेस ऑन व्हील्स’ का पुन: संचालन, आरटीडीसी होटल के जीर्णोद्धार कार्य, हेलीकॉप्टर जॉयराइड जैसे कार्य किये हैं जो राजस्थान में पर्यटन के विकास में सहायक सिद्ध होंगे।
- उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये पंद्रह सौ करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने, राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2022 लागू की गई है जिससे पर्यटन के क्षेत्र को नई दिशा मिली।
- इस अवसर पर पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह और आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने आरटीडीसी द्वारा चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों के तहत होटल गणगौर के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया।
- आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि होटल गणगौर नवीनीकरण के कार्यों से अपने पुराने गौरव को हासिल करेगी एवं निजी होटल से प्रतिस्पर्धा के लिये तैयार होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/release-of-the-booklet-saal-ek-faisle-anek-